अंबेडकर ने संघ से प्रतिबंध हटाने में भूमिका निभाई थी : अशोक

बाबा साहेब अंबेडकर का संघ से था अच्छा संवाद

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 14 अप्रैल. स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व तभी सार्थक होंगे जब समाज में ममता जुड़ेगी और यही समरसता का आधार है.

यह विचार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विश्व संवाद केंद्र में आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक अशोक पांडेय ने व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि कानून केवल समानता दे सकता है, लेकिन अपनत्व के बिना समरसता संभव नहीं. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रकाश बरतूनिया शामिल हुए. वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व संवाद केंद्र न्यास के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने की. मुख्य वक्ता अशोक पांडेय ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर संघ से

अलग नहीं थे और उनके संघ के साथ अच्छे संवाद रहे. उन्होंने यह भी कहा कि संघ पर से प्रतिबंध हटाने के कार्य में डॉ अंबेडकर ने भूमिका निभाई थी. उनका उद्देश्य शोषणमुक्त और समरस समाज बनाना था, जिसे केवल कानून नहीं बल्कि सामाजिक व्यवहार से साकार किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि संघ की कार्यप्रणाली में जाति का कोई स्थान नहीं है और व्यक्ति का मूल्यांकन उसके आचरण व गुणों के आधार पर होता है.

अंबेडकर के विचार स्पष्ट और निर्भीक थे. उन्होंने धर्म, समाज, इस्लाम और साम्यवाद जैसे विषयों पर खुलकर अपनी बात रखी. उनके अनुसार धर्म नैतिकता का आधार है और समाज को संगठित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है. वहीं मुख्य अतिथि प्रकाश बरतुनिया ने भी कहा कि अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से सामाजिक समरसता की मजबूत नींव रखी.

उन्होंने भी कहा कि संघ पर से प्रतिबंध हटाने में डॉ अंबेडकर ने भूमिका निभाई थी. बाद में उनका गुरूजी ने सम्मान भी किया था. उन्होंने कहा कि आरक्षण सामाजिक संतुलन का माध्यम है और राजनीतिक आरक्षण सीमित अवधि के लिए रखा गया था.

50 प्रतिशत की सीमा का विचार भी संतुलन बनाए रखने के लिए था. उन्होंने अंबेडकर के बहुआयामी व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि वे कई भाषाओं के ज्ञाता और भाषाई समरसता के समर्थक थे. कार्यक्रम की प्रस्तावना विश्व संवाद केंद्र के सचिव लोकेंद्र सिंह ने रखते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर को किसी वर्ग विशेष तक सीमित नहीं रखा जा सकता.

> अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने कहा कि अंबेडकर को सीमित करना उनके व्यक्तित्व के साथ अन्याय है. वे राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सुधार के व्यापक विचारक थे. इस अवसर पर 'हिंदी गर्जना' स्मारिका का विमोचन हुआ और बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जमीन विवाद को लेकर प्रौढ़ की पीट-पीट कर निर्मम हत्या

पुलिस चौकी बरका के गन्नई गांव की घटना, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 अप्रैल। पुलिस चौकी क्षेत्र बरका के गन्नई गांव में जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही दबंगों ने एक प्रौढ़ व्यक्ति को लाठी एवं डण्डे से पीट-पीट कर अधमरा करते हुये मौत की नींद सुला दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गये। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिवार में आरोपियों के खिलाफ भारी आक्रोश है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गन्नई निवासी बनवारीलाल बियार पिता रामप्रसाद बियार उम्र 38 वर्ष से परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा था कि सोमवार की शाम 4 बजे जागमती बियार के नाती रिकेश बियार, दिनेश बियार दोनों निवासी परसदेही ने लाठी से पीट-पिटने लगे। इतने में लल्लू बियार निवासी जोबगढ़ के दो पुत्र एवं पत्नी जागमती की पुत्री एवं पुत्र निवासी बघबुढ़वा ने मारपीट एवं धक्कामुक्की करने लगे। हल्ला-गुल्ला एवं शोरशराबा पर सुदीश बसोर घटना स्थल पहुंच बीच बचाव किया, तब तक में बनवारीलाल बियार खून से लथपथ हो चुका था। 112 डायल के माध्यम से बनवारीलाल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई लाया गया। जहां चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के लिए रवाना कर दिया। बनवारीलाल के परिहन निजी वाहन से जिला चिकित्सालय ला रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस उक्त आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश में जुट गई।

> **परिवार के बीच चल रहा था जमीनी विवाद**
>
> पुलिस के अनुसार बनवारीलाल एवं आरोपी जागमती बियार के बीच कुछ वर्षो से जमीनी विवाद को लेकर विवाद चला आ रहा था। गांव के लोग समझा-बुझाकर मामले को शांत भी कराया था, लेकिन बीते दिन कल सोमवार को आरोपियों ने लाठी-डण्डे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिये। जहां उपचार के लिए अस्पताल लाया जा रहा था कि रास्ते में ही मौत हो गई। विवाद का मुख्य कारण जमीनी विवाद है।

बेकाबू मोटरसाइकिल खम्भा से टकराई

दो घायल, चितरंगी क्षेत्र के दरवारी गांव की घटना

नवभारत न्यूज

चितरंगी 14 अप्रैल। चितरंगी थाना क्षेत्र के दरवारी में आज मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे एक बेकाबू मोटरसाइकिल बिजली खम्भे से टकरा गई। जिसमें सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये।

घायलों का प्राथमिक इलाज चितरंगी सीएससी में किया गया। लेकिन हालत को नाजुक देख चिकित्सको ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार निलेश सिंह गोड़ अपने भाई के साथ आज सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर नानी के घर बोदा गांव जा रहा था कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित गति में होने के कारण बिजली के खम्भे से टकरा गई। जिसमें निलेश सिंह गोड़ उम्र 16 वर्ष एवं संतोष सिंह गोड़ पिता उत्तम सिंह गोड़ उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी दरवारी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में निलेश की हालत काफी चिंता जनक है। घायलो का इलाज चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है।

अंबेडकर जयंती के दौरान अमिलिया थाना क्षेत्र में विवाद, स्थिति नियंत्रण में

- **कलेक्टर ने जिले के सभी वर्गों से शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की**

नवभारत न्यूज

सीधी 14 अप्रैल, अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के दौरान अमिलिया थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद की घटना सामने आई।

इस दौरान दो चार पहिया एवं पांच दो पहिया वाहनों को क्षति पहुंची, वहीं थाना परिसर में खिड़की, फर्नीचर आदि में भी तोड़फोड़ की गई।घटना में दोनों पक्षों से कुल 14 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 8 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 6 घायलों का उपचार जारी है।घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर विकास मिश्रा सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं विभिन्न वर्गों को समझाइश देकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रकरण में मारपीट, बलवा एवं शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।कलेक्टर ने जिले के सभी वर्गों से शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। इस घटना के अतिरिक्त पूरे जिले में अंबेडकर जयंती शांतिपूर्ण ढंग से मनाई जा रही है।

नवानगर में दो मोटरसाइकिलो में भिड़ंत

तीन युवक गंभीर रूप से घायल, जिला चिकित्सालय में इलाज जारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 अप्रैल। नवानगर थाना के समीपी फौजी होटल के समीप आज दिन मंगलवार की दोपहर दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हो गई। जिसमें तीन बाईक सवार घायल हो गये। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायलो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार नवानगर थाना क्षेत्र स्थित फौजी होटल के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार सुखराम पनिका पिता रंगदेव पनिका उम्र 26 वर्ष निवासी बिन्दुल, रामप्रकाश पनिका उम्र 23 वर्ष एवं दुर्गा पनिका उम्र 22 वर्ष निवासी छत्तीसगढ़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को सड़क से उठाकर तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया। बताया जा रहा है कि सुखराम पनिका की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

नर्सरी में देर रात भीषण आग,, हजारों पौधे जले

नवभारत न्यूज

सीधी 14 अप्रैल, जिले के मझौली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कचहरिया स्थित नर्सरी में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। इस घटना में हजारों पौधे जलकर राख हो गए, जिससे नर्सरी को भारी नुकसान हुआ है।

आग रात करीब 1 बजे भड़की और लगभग 4 घंटे तक धधकती रही। आग की चपेट में आने से आम, अमरूद, सेव, पपीता और ड्रैगन फ्रूट जैसे फलदार पौधों के साथ औषधीय और फूलों के पौधे भी पूरी तरह नष्ट हो गए। नर्सरी में मौजूद विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां भी जलकर खाक हो गईं। इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। नर्सरी में कार्यरत कर्मचारी रामबहोर ने बताया कि आग लगने के समय वह सो रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही उन्होंने अकेले ही इसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी सचिन यादव के अनुसार सूचना मिलते ही दमकल की टीम तड़के करीब 3 बजे मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि नर्सरी में सूखी पत्तियों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैली, जिस पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह चार बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया।

हल्का पटवारी के साथ किसान ने की मारपीट

सीधी 14 अप्रैल, बिना किसी आवेदन /प्रक्रिया के सीमांकन करने से मना करने पर एक किसान ने हल्का पटवारी से गालीगलौज करते हुए मारपीट की।

पटवारी की रिपोर्ट पर थाना रामपुर नैकिन पुलिस ने अपराध पंजीवद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उधर पटवारी के साथ मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पटवारी संघ भी आक्रोश में है। जानकारी अनुसार जुझारी घटिया , भितरी में हल्का पटवारी राजेश प्रसाद कोल पिता भैयालाल कोल उम्र 35 साल निवासी ग्राम सांडा थाना चुरहट द्वारा कृषकों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का कार्य अभिमन्यु पाण्डेय की आनलाईन दुकान पर कर रहा था ।तभी आरोपी प्रत्युष पाण्डेय वहां पर आ गया और बिना किसी आवेदन /प्रक्रिया के सीमांकन करने का बल पूर्वक दबाव बनाने लगा । बिना आवेदन के सीमांकन करने से मना करने पर आरोपी द्वारा गलियां देते हुए झपट पड़ा। हल्का पटवारी भितरी राजेश प्रसाद कोल ने अपने साथ गाली गलौच एवं मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ रामपुर नैकिन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई ।

अभिनेता बनकर महिला को ब्लैकमेल कर रहा था युवक

चित्रकूट क्षेत्र से धराया, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 अप्रैल। कोतवाली बैढ़न पुलिस ने ब्लैकमेल कर महिला से रुपये ऐंठने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने खुद को अभिनेता बताकर महिला से संपर्क किया और शादी का झांसा देकर उसे ब्लैकमेल किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक मोबाइल नंबर से फोन कर आरोपी ने अपना नाम शुभम पाण्डेय उर्फ प्रदीप पाण्डेय उर्फ चिंटू अभिनेता बताया। लगातार बातचीत के बाद आरोपी ने शादी का विश्वास दिलाया और फिर जबरन महिला से निजी एवं नग्न फोटो मंगवाएं। इसके बाद आरोपी ने उन्हीं तस्वीरों के आधार पर उसे बदनाम करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने कई किस्तों में धमकी देकर पीड़िता से कुल 1 लाख 5 हजार रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। इतना ही नहीं आरोपी ने अपने एक साथी के माध्यम से भी महिला पर दबाव बनवाया। बाद में आरोपी ने अलग-अलग नंबरों से संपर्क कर अतिरिक्त 5 लाख रुपये की मांग भी शुरू कर दी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन की मदद से आरोपी शुभम पाण्डेय उर्फ प्रदीप पाण्डेय उर्फ चिंटू अभिनेता पिता जानकी प्रसाद पाण्डेय उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पयासी ताला खरौंध, थाना करवी, जिला चित्रकूट-उ.प्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना जारी रखी है। इस कार्रवाई को साइबर ठगी और ब्लैकमेल के मामलों में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

आम इश्तहार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै शंकरदत्त पाण्डेय पिता लोकनाथ पाण्डेय उम्र 68 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 पटेहरा मैहर थाना व तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र. का स्थाई निवासी हूं। यश तिवारी मेरी पुत्री स्व. प्रीति तिवारी पत्नी बृजेश तिवारी का पुत्र जो कि जवाहर नगर गली नं. 2 सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना का निवासी है जो कि मेरा नाती है, जो कि मेरे ही संरक्षण में निवास कर रहा है। विद्यालय में प्रवेश कराते समय त्रुटिवश मेरे नाती यश तिवारी की जन्म तिथि दिनांक 09.03.2012 दर्ज हो गयी है, जो वर्तमान मे उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। जबकि मेरे नाती यश तिवारी के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में उसकी जन्म तिथि दिनांक 31.10.2011 दर्ज है, जो मेरे नाती की सही जन्म तिथि है। जिससे मेरे नाती के समस्त शासकीय अभिलेखों व शैक्षणिक अभिलेखो में उसकी जन्म तिथि दिनांक 09.03.2012 के स्थान पर दिनांक 31.10.2011 दर्ज कर सुधार की जावे, मेरे नाती यश तिवारी जन्म तिथि दिनांक 31.10.2011 लिख पढ़ी व मानी जावे।

भवदीय
शंकरदत्त पाण्डेय पिता श्री लोकनाथ पाण्डेय
वार्ड क्र. 04 पटेहरा, मैहर जिला मैहर म.प्र.
मो. 9425885227
द्वारा अधिवक्ता :-एस. डी. पाण्डेय
नोटरी एवं एडवोकेट
मैहर जिला सतना (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला- सतना, (म0प्र0) एवं पदेन अपर सचिव म0प्र0शासन, राजस्व विभाग

पत्र क्र. - 362 भू-अर्जन / 2026 — सतना दिनांक - 25/03/2026

घोषणा

चूकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भू-अर्जन अधिनियम 2013 संशोधन (क्र. - एक, सन् 2013) की धारा- 19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है, कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

अनुसूची

भूमि का वर्णन :- (म0प्र0 शासन / निजी खाता)
(क) जिला :- सतना (ख) तहसील :- बिरसिंहपुर
(ग) ग्राम :- सिकड़ौरा (घ) क्षेत्रफल :- 1.6920 हेक्टेयर

स.क्र.	कास्तकार का नाम मय वल्दियत सकूनत	खसरा क्र.	अर्जित रकबा हे0में0
1	म0प्र0 शासन	1	0.0040
2	रामतुला पिता राममिलन ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	2/1	0.0620
3	रामतुला पिता राममिलन ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	3	0.0120
4	शिवदत्त पिता लक्ष्मीदीन सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	4/1	
	रामदास पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण 20 / 73 सा0 कलवलिया श्रीमती अनीता पत्नी संदीप मिश्रा सा .बीड़ा सेमरिया 33 / 73 भूमि स्वामी, लालाभैया तिवारी पिता नन्दकुमार तिवारी 20 / 7 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	4/2	
	रामबाई बेवा मोतीलाल मुद्रिका, धुववकुमार, पुरुषोत्तम, 4 रोहणी, अनुज पिता मोतीलाल, ब्रा0 1 / 2 बेबा मालती पत्नी रमागोविन्द,हेमराज, जीवनलाल, पुत्र रमागोविन्द 1 / 2 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	4/3	0.0260
	मु0 बेवा रामलाल शिवकेश पिता रामलाल ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	4/4	
	कमला प्रसाद, लालाभइया, बुटइया, बुटना पिता नन्दकुमार ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	4/5	
5	रामतुला पिता राममिलन ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	5	0.0320
6	रामतुला पिता राममिलन ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	6/1/1	0.0480
	रामदास पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण 1 / 5 सा0 कलवलिया श्रीमती अनीता पत्नी संदीप मिश्रा सा .बीड़ा सेमरिया 4/5 भूमि स्वामी	7/1/2	0.0050
7	रामबाई बेवा मोतीलाल, मुद्रिका,धुवकुमार, पुरुषोत्तम, रोहणी, अनुज पिता मोतीलाल, ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	7/1/3	0.0050
	मु0 बेवा रामलाल शिवकेश पिता रामलाल ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	7/1/4	0.0050
8	शिवदत्त पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण सा0कलवलिया भूमि स्वामी	8/1	0.0070
	रामदास पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण 2 / 7 सा0 कलवलिया श्रीमती अनीता पत्नी संदीप मिश्रा सा .बीड़ा सेमरिया 5/7 भूमि स्वामी	8/2	0.0070
9	शिवदत्त पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण सा0कलवलिया भूमि स्वामी	13/1	
	रामदास पिता लक्ष्मीदीन ब्राम्हण 26 / 98 सा0 कलवलिया, श्रीमती अनीता पत्नी संदीप मिश्रा सा .बीड़ा सेमरिया 72 / 98 भूमि स्वामी	13/2	
	रामबाई बेवा मोतीलाल, मुद्रिका, धुवकुमार, पुरुषोत्तम, रोहणी, अनुज पिता मोती लाल, ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	13/3	0.0540
	मु0 बेवा रामलाल शिवकेश पिता रामलाल ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	13/4	
	कमला प्रसाद पिता लालाभइया, बुटइया, बुटना पिता नन्दकुमार ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	13/5	
10	नागेन्द्र पिता पोषण प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	14/1	0.0580
	सुधमन पिता पोषण प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	14/3	0.0120
11	श्रीमती निरासा तिवारी पत्नी संतोष तिवारी सा0कलवलिया भूमि स्वामी	15	0.0020
12	अम्बिकाप्रसाद, बैजनाथ पिता बालकृष्ण, श्रीनिवास, प्रेमलाल अमरनाथ, चन्द्रदेव पिता सुन्दरलाल मु0 जयमन्ती बेवा सुन्दरलाल व मु0 देवरती बेवा विन्धेश्वरी प्रसाद मनभरणप्रसाद पिता विन्धेश्वरी प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	67	0.0490
13	अम्बिकाप्रसाद, बैजनाथ पिता बालकृष्ण, श्रीनिवास, प्रेमलाल अमरनाथ, चन्द्रदेव पिता सुन्दरलाल मु0 जयमन्ती बेवा सुन्दरलाल व मु0 देवरती बेवा विन्धेश्वरी प्रसाद , मनभरणप्रसाद पिता विन्धेश्वरी प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	68/1	0.0200
14	गोकरणप्रसाद पिता त्रिलोकी प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	73/1	0.0050
	मोहनलाल तिवारी पिता त्रिलोकी प्रसाद ब्रा0सा0कलवलिया भूमि स्वामी	73/2	0.0050
15	अंकिता तिवारी पिता प्रदीपकुमार तिवारी पता सतना भूमिस्वामी	74	0.0090
16	अंकिता तिवारी पिता प्रदीपकुमार तिवारी पता सतना भूमिस्वामी	75	0.0120
17	रेखा तिवारी पत्नी गोविन्दप्रसाद तिवारी पता सतना भूमिस्वामी	76	0.0120
18	रेखा तिवारी पत्नी गोविन्दप्रसाद तिवारी पता सतना भूमिस्वामी	77	0.0110
19	रामप्रकाश पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	82/1	0.0110
	घनश्याम तिवारी पिता सीता प्रसाद तिवारी सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	82/2	0.0110
20	रामप्रकाश पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	83/1	0.0140
	घनश्याम तिवारी पिता सीता प्रसाद तिवारी सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	83/2	0.0140
21	रामसुशील पिता शेखर प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	84	0.0400
22	रामदुलारे पिता इन्द्रदेव तिवारी सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	85	0.0110
23	छोटेलाल पिता शिवदयाल ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	97/2	0.1480
24	दानवेन्द्र प्रसाद पिता नवलकिशोर तिवारी सा0 सिकड़ौरा भूमि स्वामी	98	0.0380
25	वैदेहीशरण पिता माधौप्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	99/1	0.0090
	मु0 रामसखी उर्फ सखिया बेवा रामगोपाल, रामपाल, राजमन उर्फ राजभान पिता रामगोपाल ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	99/2	0.0250
26	भाईलाल, अच्छेलाल, राजाभइया पिता श्रीशैल तिवारी सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	100/1	0.0620
27	रामहृदय पिता माधौप्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	110/1	0.0140
	दानवेन्द्र प्रसाद पिता नवलकिशोर तिवारी सा0 सिकड़ौरा भूमि स्वामी	110/2	0.0020
28	अशोक पिता सीताराम,मु0 कृष्णा बेवा उमेश, पुष्पेन्द्र पिता उमेश ना. बली. सर. मां मु0 कृष्णा बेवा उमेश ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	111/1	0.0210
29	महेन्द्रकुमार, शत्रुघ्न प्रसाद, निर्मला पिता नर्वदा प्रसाद गीता बेवा महेशप्रसाद, दीपककुमार विकाशदत्त , पदमा, मालती पिता महेशप्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	113	0.0310
30	राजेश कुमार पिता कमलाकान्त ब्रा0 सा0 घोरकाट भूमि स्वामी	114	0.0640
31	प्रदुम्नकान्त राजेन्द्रकुमार वल्द अवधेश प्रसाद, मु0 कोषा बेवा अरुणेन्द्र कुमार, पंकज, ज्ञानेन्द्र अतुल अन्जू पिता अरुणेन्द्रकुमार ब्रा0 सा0 घोरकाट भूमि स्वामी	135/1	0.0720
32	रामगीता पिता राधेप्रसाद सा0घोरकाट भूमि स्वामी	143/1	0.0260
33	रामगीता पिता राधेप्रसाद सा0घोरकाट भूमि स्वामी	144/1	0.0050
34	प्रदुम्नकान्त राजेन्द्रकुमार वल्द अवधेश प्रसाद मु0 कोषा बेवा अरुणेन्द्र कुमार पंकज, ज्ञानेन्द्र अतुल अन्जू पिता अरुणेन्द्रकुमार ब्रा0 सा0 घोरकाट भूमि स्वामी	145	0.0200
35	प्रदुम्नकान्त राजेन्द्रकुमार वल्द अवधेश प्रसाद, मु0 कोषा बेवा अरुणेन्द्र कुमार, पंकज, ज्ञानेन्द्र अतुल अन्जू पिता अरुणेन्द्रकुमार ब्रा0 सा0 घोरकाट भूमि स्वामी	146	0.0200
36	रामप्रकाश पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	147/1	0.0070
37	रामवत पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	150/1	0.1040
	रामसिया पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	150/2/1	0.0560
	नारायणदीन तिवारी पिता त्रिवेणी तिवारी सा0 06 कलवलिया भूमि स्वामी	150/3	0.0240
	रामप्रकाश पिता त्रिवेणी प्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	150/4	0.0540
38	अंबरीश पिता मिथिला प्रसाद ब्रा0 1 / 5, सच्चिदानंद पिता मिथिला प्रसाद ब्रा0 1 / 5, ईश्वरप्रसाद पिता मिथिला प्रसाद ब्रा0 1 / 5, रामवती पुत्री मिथिला प्रसाद ब्रा0 1/5, शम्पी पुत्री मिथिलाप्रसाद ब्रा0 1 / 5, सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	151	0.0220
39	मनभरण प्रसाद पिता सियाशरण ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	152/1/2	0.0700
	म0प्र0 शासन	152/2	0.0040
40	अमृतलाल, प्रणीलाल भइयालाल रघुबीरप्रसाद, योगराज, रामरुप, पिता कमलाप्रसाद , अम्बरीश, सच्चिदानंद, ईश्वरप्रसाद पिता मिथिला प्रसाद ब्रा0 रामवती पुत्री मिथिला प्रसाद ब्रा0 शम्पी पुत्री मिथिलाप्रसाद ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	153/1	0.0740
41	म0प्र0 शासन	164	0.0240
42	मु0संखी बेवा हीरालाल रमाकान्त, रामनेश पिता हीरालाल मु0मानवतीबेवा शैलेन्द्र ममता, दुर्गा पुत्री शैलेन्द्र ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	167/1/2	0.0750
43	मु0संखी बेवा हीरालाल रमाकान्त, रामनरेश पिता हीरालाल मु0मानवतीबेवा शैलेन्द्र ममता, दुर्गा पुत्री शैलेन्द्र ब्रा0 सा0 कलवलिया भूमि स्वामी	168/1/2/1	0.0360
	सुभद्रा पत्नी रमाकान्त रीमतीरानी पत्नी रामनरेश ब्रा0 सा0देह भूमिस्वामी	168/1/2/2	0.0220
		महायोग	1.6920

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है - कार्यपालन यंत्री पक्का बांध उपसंभाग क्र. 3 देवलोंद जिला शहडोल बाणसागर परियोजना के अंतर्गत "मझगवा शाखा नहर निर्माण में आने वाली निजी / शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित सम्पत्ति के अर्जन हेतु।
(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर, जिला सतना भू-अर्जन शाखा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(डा. सतीश कुमार एस.)
कलेक्टर
जिला सतना (म0प्र0)
एवं पदेन अपर सचिव म0प्र0 शासन
राजस्व विभाग

G-11532/26